# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–21 अप्रैल 2025 सान्ध्य समाचार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पिछले दस वर्षों में भारत ने वृद्धि वाले परिवर्तन से आगे बढ़कर प्रभावशाली परिवर्तन देखा है क्योंकि सरकार देश में समग्र विकास सुनिश्चित कर रही है। उन्होंने आज नई दिल्ली में सत्रहवें सिविल सेवा दिवस के अवसर पर लोकसेवकों को संबोधित करते हुए यह बात कही। प्रधानमंत्री ने देश में युवाओं, किसानों और महिलाओं की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए असाधारण गति से काम करने की आवश्यकता का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके सपने अभूतपूर्व ऊंचाइयों पर पहुंच रहे हैं।

**देश में व्यवस्था परिवर्तन का एक बहुत बड़ा महायज्ञ शुरू हुआ है। हम इस तेज स्पीड के साथ खुद को तेजी से ढाल रहे हैं। आज भारत की एस्पिरेशनल सोसाइटी, भारत के युवा, भारत के किसान, भारत की महिलाएं, उनके सपनों की उड़ान आज जिस ऊंचाई पर है, वो वाकई अभूतपूर्व है।**

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने लोकसेवकों को जिलों के समग्र विकास, आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम और नवाचार की श्रेणियों में लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने दो ई–बुक भी जारी किए। पुरस्कार प्राप्त करने वाली प्रदेश के बहराइच जिले की जिलाधिकारी मोनिका रानी ने हमारे संवाददाता से बातचीत की।

**दो हजार तेईस का जिले के सम्पूर्ण विकास की श्रेणी के अंतर्गत ये पुरस्कार दिया गया है, इसके लिए मैं अपनी सम्पूर्ण टीम को बहुत–बहुत बधाई देती हूं। जो केन्द्र की जितनी भी योजनाएं हैं, इन सभी के अंतर्गत जनपद बेहराइच ने बहुत उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके लिए मैं सभी को बहुत–बहुत बधाई देती हूं।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये मुरादाबाद जनपद को भी पुरस्कार मिलने पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन सुगम्य पुस्तकालय पहल के लिए नवाचार श्रेणी में मुरादाबाद जिले को प्रधानमंत्री पुरस्कार प्राप्त होना पचीस करोड़ प्रदेशवासियों के लिए गौरव का क्षण है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल कानपुर पहुंचकर आगामी चौबीस अप्रैल को प्रस्तावित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे की तैयारियों की समीक्षा की। अपने कानपुर दौरे के दौरान प्रधानमंत्री बीस हजार करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इन परियोजनाओं में मेट्रो, घाटमपुर–पनकी विद्युत उत्पादन संयंत्र और सौ बेड के अस्पताल का निर्माण शामिल है। मुख्यमंत्री ने कल प्रधानमंत्री के लिए बनाए जा रहे जनसभा स्थल, तापीय विद्युत परियोजना और मेट्रो रेल परियोजना का जायजा लिया। उन्होंने उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन द्वारा नवनिर्मित नयागंज से रावतपुर स्टेशन तक मेट्रो ट्रेन में सफर भी किया। इस दौरान उन्होंने मेट्रो परियोजना की तैयारियों को परखा और यात्रियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा की। स्थलीय निरीक्षण के बाद मुख्यमंत्री ने कानपुर के चंद्रशेखर आजाद कृषि विश्वविद्यालय में समीक्षा बैठक की।

**********

नीति आयोग के केंद्रीय प्रभारी अधिकारी और लघु किसान कृषि व्यवसाय संघ के प्रबंध निदेशक धीरज साहू ने आज श्रावस्ती में शासन की योजनाओं की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि श्रावस्ती जैसे आकांक्षी जनपद में विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं। केंद्र सरकार के आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम में श्रावस्ती के जमुनहा ब्लॉक को प्रथम स्थान मिल चुका है। नीति आयोग के केंद्रीय प्रभारी अधिकारी ने कहा कि आयोग की मंशा कल्याणकारी योजनाओं की पहुंच हर पात्र व्यक्ति तक सुनिश्चित कराने की है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कुशीनगर जिले में हुए सड़क हादसे का संज्ञान लेते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। कल रात कुशीनगर जिले के नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के भुजौली चौराहे पर एक कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई थी। इस दुखद हादसे में कार सवार छह बारातियों की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर तौर पर घायल हैं।

**********

जौनपुर जिले के मछलीशहर विधानसभा क्षेत्र के गांवों को जोड़ने वाली सोलह सड़कों पर इंटरलॉकिंग कराई जाएगी। इन खराब हो चुकी सड़कों पर इंटरलॉकिंग कार्य के लिए शासन ने एक करोड़ छत्तीस लाख रुपये जारी कर दिया है। हमारे जौनपुर प्रतिनिधि ने बताया कि इन सड़कों के ठीक हो जाने से करीब पचास गांवों में आवागमन आसान हो जाएगा।

**********

मौसम विज्ञान विभाग ने कल से पच्चीस अप्रैल तक प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी इलाकों में कहीं कहीं उष्ण लहर व लू चलने की चेतावनी जारी की है। विभाग के मुताबिक इस अवधि में मौसम शुष्क रहेगा। साथ ही अगले पांच दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी भी होगी।

**********